राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने गंगा–घाटों का परिभ्रमण कर छठ–व्रतियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 03 नवम्बर 2019

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने कल 02 नवम्बर (शनिवार) की शाम पावन 'छठ महापर्व' के सुअसवर पर पटना में गंगा किनारे के विभिन्न घाटों से स्टीमर द्वारा गुजरते हुए घाटों पर पूजन–अर्चन कर रहे तथा अस्ताचलगामी भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य दे रहे छठ–व्रतियों एवं उनके परिजनों को शुभकामनाएँ और बधाई दी। महामहिम राज्यपाल श्री चौहान ने 'छठ महापर्व' के अवसर पर सभी बिहारवासियों और देशवासियों को भी हार्दिक मंगलकामनाएँ दी। महामहिम राज्यपाल के साथ माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भी घाटों पर लाखों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं और आम जनता को बधाई दी एवं उनका अभिवादन स्वीकार किया।

महामहिम राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री के छठ–घाटों के परिभ्रमण के दौरान उनके साथ माननीय केन्द्रीय कानून एवं न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिक सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद, राज्य के उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव सहित वरीय प्रशासनिक अधिकारीगण, सामाजिक–राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी–प्रतिनिधिगण एवं कई गणमान्य जन आदि भी उपस्थित थे।

....